<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक – 16.05.2026 (सुबह – 0830 बजे)</u>
<u>मुख्य समाचार</u>

1. **चिकित्सा के क्षेत्र में झारखंड को बड़ी सौगात, केंद्र सरकार ने दो मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की सीटें बढ़ाकर 250 करने की दी मंजूरी।**
2. **कोयला राज्य मंत्री की रांची में बड़ी घोषणा; देश की 147 बंद कोयला खदानों का किया जाएगा कायाकल्प, बड़े पैमाने पर होगा फलदार वृक्षारोपण और मत्स्य पालन।**
3. **राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र; देवघर त्रिकुट रोपवे हादसे की जांच में देरी और प्रशासनिक लापरवाही पर उठाए गंभीर सवाल।**
4. **रांची में झारखंड और कर्नाटक के बेल्लारी चेम्बर ऑफ कॉमर्स की संयुक्त बैठक; टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग और क्रिटिकल मिनरल्स में निवेश पर बनी सहमति।**
5. **मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों के लिए जारी किया आंधी–बारिश का ऑरेंज अलर्ट; आज और कल 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं हवा।**

****************

राज्य में चिकित्सा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की सीटें बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। इसके तहत धनबाद के **एसएनएमएमसीएच** और जमशेदपुर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज में सीटें बढ़ाकर **दो–सौ–पचास** की जाएंगी। इस परियोजना के लिए कुल **तीन–सौ–पचहत्तर** करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

****************

रांची में आयोजित पर्यावरण कार्यशाला में केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे शामिल हुए। उन्होंने घोषणा की कि देश की एक–सौ–सैंतालीस बंद खदानों का कायाकल्प कर वहाँ फलदार पौधे लगाए जाएंगे और मछली पालन होगा। बाद में मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने हेमंत सरकार पर कोयला चोरी रोकने में नाकाम रहने का आरोप भी लगाया।

****************

राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की तैयारियां तेज हो गई हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने इस सिलसिले में बाईस मई को राजनीतिक दलों की बैठक बुलाई है। अभियान के तहत **तीस जून से उनतीस जुलाई** तक घर–घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा।

****************

राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी **एसआईआर** अभियान को लेकर भाजपा ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा ने बताया कि फर्जी और मृत मतदाताओं को सूची से बाहर करने के लिए भाजपा के बूथ स्तरीय एजेंट बढ़–चढ़कर हिस्सा लेंगे।

****************

इधर कांग्रेस भी एसआईआर को लेकर तत्पर है। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने सभी जिला अध्यक्षों को अपने–अपने क्षेत्रों में बूथ स्तर के एजेंटों यानी बीएलए की नियुक्ति जल्द पूरी करने का कड़ा निर्देश दिया है।

****************

राज्य में जनगणना के पहले चरण के तहत आज से डोर–टू–डोर मकान गणना और सूचीकरण का कार्य शुरू हो रहा है। इसके लिए प्रगणकों की टीमें राज्यभर में घर–घर जाकर मकानों का विवरण दर्ज करेंगी। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे सही जानकारी देकर इस राष्ट्रीय कार्य में अपना सहयोग दें।

****************

भाजपा के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर देवघर त्रिकुट रोपवे हादसे की जांच में देरी पर गंभीर सवाल उठाए हैं। सांसद ने आरोप लगाया कि हादसे के चार साल बाद भी पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिला है और प्रभावशाली लोगों को बचाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने मामले की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

****************

रांची के चेम्बर भवन में झारखंड और कर्नाटक के **बेल्लारी चेम्बर ऑफ कॉमर्स** की संयुक्त बैठक हुई। इसमें उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने झारखंड को खनिज समृद्ध औद्योगिक पावर हाउस बताया। उन्होंने कहा कि राज्य में पर्यटन, टेक्सटाइल और फूड प्रोसेसिंग में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। दोनों राज्यों के प्रतिनिधियों ने व्यापारिक साझेदारी और औद्योगिक सहयोग बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की।

****************

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री प्रशासनिक और स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए लगातार औचक निरीक्षण कर रहे हैं। समाहरणालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बिना आईडी कार्ड के कर्मी को शोकॉज करने और कुष्ठ पीड़ितों के लिए बोरिंग कराने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने सदर अस्पताल का जायजा लेकर मरीजों का हाल जाना और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए।

****************

दुमका जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा **चुटोनाथ धाम** के पास वन विभाग ने एक भव्य बायोडायवर्सिटी पार्क का निर्माण कराया है। करीब दस करोड़ रुपये की लागत से बने इस चुटोनाथ पार्क का उद्घाटन जामा विधायक डॉ. लुईस मरांडी ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस खूबसूरत पार्क में मनोरंजन के साथ–साथ लोगों को पेड़–पौधों और **बोटैनिकल** पहलुओं की जानकारी भी मिलेगी।

****************

दुमका से दिल्ली के बीच सीधा रेल संपर्क आसान बनाने के लिए नई साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन सेवा को मंजूरी दी गई है। यह ट्रेन बाईस मई से प्रत्येक शुक्रवार दुमका से आनंद विहार के लिए रवाना होगी। दुमका सांसद नलिन सोरेन ने इसे संताल परगना के विकास के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए केंद्र सरकार की सराहना की है।

****************

राज्य में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। मौसम विभाग ने आज और कल रांची, धनबाद और बोकारो समेत कई जिलों में तेज़ आंधी–बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान पचास से साठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

****************

लोहरदगा जिला स्थापना दिवस के अवसर पर आज से दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। आज बी–एस कॉलेज स्टेडियम में क्रिकेट, फुटबॉल, कुश्ती और बैडमिंटन के कड़े मुकाबले होंगे। वहीं, कल सुबह छह बजे नए समाहरणालय से रन फॉर लोहरदगा का आयोजन किया जाएगा, जिसके बाद फुटबॉल और रस्सा–कस्सी की प्रतियोगिताएं होंगी।

****************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने पेट्रोल–डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– चार वर्षों में पेट्रोल–डीजल के दाम में पहली बार सरकार ने की बढ़ोतरी।

**दैनिक भास्कर** के शब्द हैं– झारखंड हाईकोर्ट में 18 मई से होगा ग्रीष्मकालीन अवकाश, जरुरी मामलों की सुनवाई करेगी तीन बेंच।

**हिन्दुस्तान** के अनुसार आंधी और बारिश के बीच ठनका से राज्य में सात मरे।

अंग्रेजी अखबार **द टाइम्स ऑफ इंडिया** और **हिन्दुस्तान टाइम्स** ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के उस फैसले को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है, जिसमें धार भोजशाला को वाग्देवी मंदिर माना है।

****************